## संक्षिप्त

### साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निस.)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन के निर्देशन उनियारा क्षेत्र मे साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु खच्चर खातों एंव नकदी की बढती शिकायतो पर कार्यवाही करते हुए उनियारा थाना पुलिस ने म्यूल खाता धारक जोन्या कायम जोनू पुत्र रामकिशन मीणा उम्र 20 साल निवासी रहमानपुरा थाना उनियारा को तलब कर जांच व पुछताछ की गई। जांच से उक्त युवक द्वारा साइबर ठोटो द्वारा ठगी की रकम को 20 प्रतिशत कमीशन के आधार पर अपने बैंक खाते में डलवाकर साइबर ठोटी की राशि को नगद निकाल कर साइबर ठोटो को उपलब्ध करवाता था। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्यवाही कर आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### जन्मदिन मनाया

**देवली।** शनिवार को गुरुकृपा संस्थान के यशस्वी आधार स्तम्भ,धर्म,संस्कृति एवं सनातन परम्पराओं के संवाहक,विद्वता, विनम्रता और साधना की अनुपम प्रतिमूर्ति परम पण्डित मुकेश गौतम को जन्मदिवस पर बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं देने का ताता लगा रहा। जानकारी के अनुसार स्थानीय गुरु कृपा संस्थान के अनुयायियों और मित्रों ने पंडित मुकेश गौतम का जन्मदिन मनाया। इस दौरान गुरु कृपा संस्थान पर दिन भर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। इस मौके पर संस्थान के अनुयायियों और पंडित मुकेश गौतम के मित्रों ने कहा कि गुरुदेव केवल एक विद्वान आचार्य ही नहीं, अपितु असंख्य जनों के जीवन को धर्म,संस्कार और सदाचार का प्रकाश प्रदान करने वाले एक प्रेरणास्त्रोत हैं। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ जिंदल समाजसेवी प्रेमचंद शर्मा हरिमोहन हल्दिया पत्रकार प्रेमचंद जैन बृजेश भारद्वाज नोरत मल नामा गोविंद सिंह सेठी पंकज शर्मा मनोज शर्मा अमित हल्दिया शम्मी रंगरेज सहित दर्जनों मित्र और अनुयायियों ने पंडित मुकेश गौतम को जन्मदिन पर उत्तम स्वास्थ्य, प्रसन्नता, यश, कीर्ति, दीर्घायु एवं निरंतर धर्मसेवा की ढेरो शुभकामनाएं भेंट की। इस पर पंडित मुकेश गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### आरएलपी कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**पावटा,** (निस.)। कोटपुतली-बहरोड़ जिले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के संगठनात्मक विस्तार और आगामी रणनीति को लेकर रविवार आज कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन पावटा तहसील स्थित भूमिका प्लाज़ा के ओम मैरिज गार्डन में प्रात: 9:15 बजे शुरू होगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार सम्मेलन में जिले भर से कार्यकर्ता, युवा साथी एवं समर्थक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं और पार्टी की भावी योजनाओं पर चर्चा करना रहेगा। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में पार्टी की विचारधारा, संगठन विस्तार और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ताओं को आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों ने जिले के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### कलश यात्रा आज

**निवाई,** (निस.)। शिवाजी कॉलोनी में स्थित टीलेश्वर महादेव मन्दिर में 7 जून से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु कमला जायसवाल ने बताया कि शिव महापुराण कथा सभी भक्तो के सहयोग से की जा रही है। कथा मे बालमुकुंद महाराज हाथोज धाम जयपुर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कथा को लेकर 7 जून को सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। कलश यात्रा श्री राधा दामोदर मन्दिर कुण्डों से रवाना होकर टीलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।


नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सुहेरा में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली

**डीग,** (निस)। डीग के गांव सुहेरा स्थित श्री खारा वाला मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम स्वयं यजमान के रूप में अपने सिर पर श्रीमद् भागवत धारण कर यात्रा में शामिल हुए, जबकि बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंगल कलश लेकर भजन-कीर्तन करते हुए सहभागिता निभाई। गांव में विभिन्न स्थानों पर ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सतवीर कसाना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं।

मंत्री जवाहर सिंह यजमान के रूप में अपने सिर पर श्रीमद् भागवत धारण कर यात्रा में शामिल हुए।

■ श्रीमद् भागवत कथा समाज में भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करने का माध्यम हैः जवाहर सिंह बेढ़म

उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, सेवा, करुणा और सदाचार का संदेश मिलता है, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कथा व्यास स्वामी अमृतानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करने वाली दिव्य ज्योति है।

# पावटा में दो दर्जन परिंडे लगाए

''परिंढा अभियान'' के तहत रविवार को पावटा एवं आसपास के धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए दो दर्जन परिंडे लगाए।

**पावटा,** (निस.)। भीषण गर्मी के दौर में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से "परिंढा अभियान" के तहत रविवार को पावटा एवं आसपास के धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए दो दर्जन परिंढे लगाए गए।

यह अभियान एक कदम गांवों की ओर एनजीओ के संयोजक एवं कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, सेवानिवृत्त तहसीलदार रामनिवास यादव के नेतृत्व में चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री भोमिया जी मंदिर के महंत जी के सानिध्य में किया गया। अभियान के दौरान पावटा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर परिंढे लगाकर उनमें पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर युवा नेता ओपी बायला ने कहा कि वर्तमान में तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर परिंढे लगाने तथा नियमित रूप से उनमें पानी भरने की अपील की।

# टोंक में 9 अवैध जल कनेक्शन हटाए, 24 हजार 440 के नोटिस

**टोंक,** (निस.)। अधीक्षण अभियंता प्रोजेक्ट टोंक के निर्देशों के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में पेयजल सप्लाई को दुरुस्त रखने एवं अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए लगातार अवैध जल कनेक्शनों पर कार्यवाही की जा रही है। सहायक अभियंता पूरण मल बैरवा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत गुराई से ग्राम श्याला शुक्लपुरा तक जा रही मुख्य वितरण पेयजल पाइपलाइन पर अवैध जल कनेक्शनों को हटाने के लिए शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभागीय टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण एवं जांच कर कुल 9 अवैध जल कनेक्शन हटाए गए।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी परियोजना खण्ड टोंक के अधिशाषी अभियन्ता आकाशदीप सिंह गुर्जर ने बताया कि अवैध कनेक्शनधारकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए कुल 24 हजार 440 के

■ 'यदि अवैध कनेक्शन की पुनरावृत्ति होती है, तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी'

दण्डात्मक शुल्क के नोटिस जारी किए गए। विभाग द्वारा अवैध जल कनेक्शनों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में भी प्रकरण दर्ज करवाया जाता है। भविष्य में ग्राम पंचायत गुराई से ग्राम श्याला शुक्लपुरा तक जा रही मुख्य वितरण पेयजल पाइपलाइन पर अवैध कनेक्शनों की पुनावृत्ति ना हो इसके लिए विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अवैध कनेक्शन की पुनरावृत्ति होती है, तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# मनोहरपुर में कैंडल मार्च निकालकर भाजपा नेता असवाल को श्रद्धांजलि दी

**मनोहरपुर,** (निस.)। भाजपा नेता एवं एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय रामवतार उर्फ पप्पू असवाल की हत्या के विरोध में बुधवार शाम कस्बे के गांधी चौक पर सर्व समाज के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल देखने को मिला।

श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दिवंगत रामवतार असवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की जघन्य वारदात समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। लोगों ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाज एकजुट है और प्रशासन से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा करता है। कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा के दौरान गांधी चौक पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि सभा में नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# एसडीएम ने अस्पताल में दवा केंद्र व वार्ड का निरीक्षण किया

**किशनगढ़ बास,** (निस.)। एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव ने शनिवार को तहसीलदार अभिषेक यादव के साथ अचानक अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। अस्पताल में गंदगी, टूटी टाइलें, दीवारों की सिलन और उखड़ता प्लास्टर देख नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल प्रभारी डॉ. अतुल गौड़ को साफ-सफाई और मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

■ एसडीएम औचक पहुंचे अस्पताल, गंदगी, टूटी टाइल, दीवारों में सिलन, उखड़ता प्लास्टर देख दिए सुधार के निर्देश

एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव सुबह अचानक तहसीलदार अभिषेक यादव के साथ सीएचसी पर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर चेक किया कि कौन डॉक्टर-कर्मचारी ड्यूटी पर है। इसके बाद सीधे दवा वितरण केंद्र पहुंचे और स्टॉक व दवा बांटने की व्यवस्था देखी। मरीज भर्ती वार्ड में जाकर उन्होंने बेड पर लेटे मरीजों से खुद बात की और पूछा- डॉक्टर समय पर संभालने के लिए आते हैं, दवा अस्पताल से मिलती है या बाहर से लानी पड़ती है, इलाज में कोई दिक्कत तो नहीं आर रही है।

अस्पताल मरीज भर्ती वार्ड में मरीजों से जानकारी लेते एसडीएम, तहसीलदार साथ में प्रभारी डॉ अतुल गौड़

निरीक्षण के दौरान दवा केंद्र और परिसर में फैली गंदगी, फर्श की टूटी टाइलें, दीवारों में आ रही सिलन और जगह-जगह से उखड़ रहा प्लास्टर देखा तो नाराजगी जताई। प्रभारी डाक्टर को साफ-सफाई कराने और टूटी टाइल, प्लास्टर व सिलन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने मानसून सीजन को देखते हुए प्रभारी डॉक्टर से डेंगू, मलेरिया, वायरल जैसी मौसमी बीमारियों की तैयारियों पर रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि बेड, दवा, जांच किट और स्टाफ की पूरी व्यवस्था पहले से पुख्ता रखें ताकि मरीजों को भटकना न पड़े। साथ ही सभी डॉक्टरों को सख्त हिदायत दी कि मरीजों को बाहर की दवा न लिखें।

अस्पताल के दवा केंद्र में जो मुफ्त दवा उपलब्ध है, वही मरीज को मिलनी चाहिए। अगर कोई डॉक्टर बाहर की दवा लिखता है तो कार्रवाई करे। जाते-जाते एसडीएम ने चेताया जिला कलेक्टर कभी भी निरीक्षण पर आ सकते अव्यवस्था नहीं मिले।

# मानव तस्करी व अवैध गतिविधियों में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम अभियान के तहत वृताधिकारी उनियारा आकांशा उनियारा के सुपरविजन में थाना अधिकरी अलीगढ प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुम्बई, झालावाड व बून्दी पुलिस से समन्वय स्थापित कर बालिग, नाबालिग लडकियों को काम धंधे व पैसों का प्रलोभन देकर धोखे से महानगरों में ले जाकर अनैतिक गतिविधियों में धकेलने वाले गिरोह एवं अंतर-राज्यीय मानव तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्यवाही में मानव तस्करी कर अनैतिक गतिविधियों में शामिल दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है, वही उनके कब्जे से दो बालिकाओं को मुक्त करवाकर कर व एक नाबालिग लडकी को दस्तयाब कर झालावाड पुलिस को सूपूर्द किया है।

■ बालिग, नाबालिग लडकियों को काम धंधे व पैसों का प्रलोभन देकर धोखे से महानगरों में ले जाकर अनैतिक गतिविधियों में धकेलने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जिला पुलिस द्वारा जिले में निवासरत कंजर समुदाय के उत्थान एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु चलाये जा रहे कंजर पुर्नवास कार्यक्रम के तहत गोपनीय रूप से अलीगढ थाना क्षेत्र में स्थित सभी कंजर डेरो में जा-जाकर खबर में अंकित तथ्यों की गुप्त रूप से तस्दीक व जांच शुरू की। जांच में तथ्य सामने आये कि स्थानीय दलालों का एक संगठित गिरोह कंजर समाज की नाबालिग बच्चियों को उनके परिजनों की आर्थिक तंगी एवं कर्ज के बोझ तले दबे होने का नाजायज फायदा उठाकर उन लडकियों की अच्छी परवरिश करने तथा काम-धधें पर लगाने से अच्छी कमाई का झांसा एवं आर्थिक प्रलोभन देकर ले जाते है तथा उक्त लडकियों को कुछ समय अपने पास रखने के पश्चात मुम्बई, नागपुर एवं अन्य महानगरों मे सक्रिय गिरोह के दलालों से मोटी रकम लेकर उनको बेच देते है। जो इन नाबालिग लडकियों के आधार कार्ड, पहचान दस्तावेजो मे फर्जी तरीके से उम्र बढाकर इन्हे बालिग बताकर अनैतिक गतिविधियों के दलदल में धकेल देते है।

# खेल व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : सांसद भूपेंद्र यादव

**अलवर,** (निस.)। अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत आयोजित श्समर कैंप , महिला वर्ग का शनिवार को आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल बहरोड़ में भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव एवं उपमुख्यमंत्री एवं वित्त पर्यटन सार्वजनिक निर्माण कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता मंत्री दिया कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षकों चयनित प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षणए आधुनिक सुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैंए बल्कि यह अनुशासनए नेतृत्व क्षमताए आत्मविश्वासए टीम भावना और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। खेल युवाओं को चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं तथा उन्हें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल उत्सव और समर कैंप जैसे नवाचारपूर्ण प्रयासों का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को पहचाननाए उन्हें अवसर प्रदान करना और राष्ट्रीय.अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

अलवर सांसद भूपेंद्र यादव एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खिलाड़ी को सम्मानित किया।

उन्होंने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से देशभर के उत्कृष्ट प्रशिक्षक इस कैंप से जुड़े हैंए जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिल रहा है। उन्होंने भविष्य में भारतीय खेल प्राधिकरण ;स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडियाद्ध के सहयोग से और अधिक उन्नत एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

■ युवाओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास को नई उड़ान दे रहे ऐसे आयोजन - दिया कुमारी

उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्र में 18 खेल मैदान विकसित किए गए हैंए जहां बच्चे और युवा वर्षभर नियमित अभ्यास कर सकेंगे। इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों एफपीओद्ध के सशक्त संचालन की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### शिक्षक रामस्वरूप वर्मा राज्य स्तर पर सम्मानित

**कोटपूतली,** (निस.)। निकटवर्ती ग्राम सुजातनगर निवासी प्रीतिका फाउण्डेशन के संस्थापक रामस्वरूप वर्मा को संस्कृत विषय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने पर जोधपुर में आयोजित एक भव्य राज्य स्तरीय निजी शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा, उदयपुर संभाग) भल्लूराम खींचड़ व पूर्व संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा, जोधपुर संभाग) प्रेमचन्द सांखला ने निजी क्षेत्र के विद्यालयों में कठिन परिश्रम कर अपने विषय में बेहतरीन परिणाम देने वाले प्रदेष भर के लगभग 500 चुनिंदा शिक्षकों को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब निजी विद्यालयों के शिक्षकों की मेहनत को पहचानते हुये गुरुवालय द्वारा इतने बड़े पैमाने पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।


**आम सूचना**

इस विज्ञप्ति के माध्यम से विकासकर्ता द्वारा परियोजना के समस्त आंवटियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम दहमीकलॉ, तहसील सांगानेर, जयपुर मैसर्स कृतिका अपार्टमेंट्स प्रा0 लि0 द्वारा निजी खातेदारी अनुमोदित योजना के भूखण्ड संख्या जीएच-1 (6156.05 वर्ग मीटर) पर मुख्यमंत्री जन आवास योजना के प्रावधान 3ए के अन्तर्गत अनुमोदित/निर्मित आवासीय प्रोजेक्ट ''नव-निलय'' (रेरा रजिस्ट्रेशन न. RAJ/P/2019/966) में आवश्यक संशोधन (जो कि भवन विनियमो के अनुरूप है) किये जाने बाबत् यह विज्ञप्ति प्रकाशित कर योजना के आंवटीगण (मय सभी आंवटीगण जिन्होंने पूर्व में ही व्यक्तिगत सम्पर्क में तदानुसार अपनी सहमति प्रदान कर दी है) एवं अन्य सभी को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के निर्मित भवन में संशोधन किये जाने बाबत् अपनी सहमति, आपत्ति, असहमति विकासकर्ता के कार्यालय (प्रोजेक्ट परिसर में स्थित, 7014820012) में प्रस्तुत करें।

दिनांक : 06.06.2026 स्थान : जयपुर
विकासकर्ता कृतिका अपार्टमेंट्स प्रा0 लि0

**झालाना डूँगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर (राज.)**

क्रमांक- दिनांक- 06.06.2026

**सार्वजनिक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना मारुती सिटी ए-ब्लॉक महेशदास बन्दो के बालाजी में भूखण्ड संख्या-87 श्री प्रताप सिंह शेखावत पुत्र श्री नरपत सिंह शेखावत निवासी मुण्डियारामसर झोटवाड़ा जयपुर के नाम समिति अभिलेखानुसार आवंटित है। आवंटी द्वारा समिति को सूचित किया गया कि उक्त भूखण्ड के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र रसीद साईड प्लान/खो गये है। इस सम्बन्ध में आवंटी द्वारा ऑनलाईन पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट (199770102600191 दिनांक 26.02.2026 को दर्ज आवंटी द्वारा यह निवेदन किया गया है कि उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में डुप्लीकेट आवंटन पत्र/दस्तावेज आवंटी के नाम पर जारी करें।

अध्यक्ष-झालाना डूँगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर
रजि. 25/एल.सी., दिनांक-06.06.2026

**नाम परिवर्तन**

मैं मुकेश सिंह राठौड पुत्र गोपाल सिंह राठौड निवासी करतारपुरा मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम मुकेश सिंह हो गया है यह दोनों नाम मेरे है भविष्य में मुझे मुकेश सिंह राठौर के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

मैं सुनिता देवी पत्नी 16017100K हवलदार रामकिशन जाट गांव भगता की ढाणी रामपुर जिला अलवर राजस्थान पिनकोड 301416 मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि 05.07.1990 गलत दर्ज है मेरी सही जन्मतिथी 01.12.1990 है वाया नोटरी शपथपत्र जयपुर

मैं गरिमा सिंघल पुत्री श्री गोविन्द सिंघल निवासी 70-ई नानूनगर, मुरलीपुरा, मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी माताजी का नाम गलती से स्नेलता (SNEHLATA) दर्ज हो गया है। सही नाम स्नेहलता सिंघल (SNEHLATA SINGHAL) है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मैं संजय कुमार टांक, आयु 51 वर्ष, पुत्र श्री मंगल चंद टेलर, निवासी-11/89 कावेरी पथ, मानसरोवर जयपुर राजस्थान का हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम संजय टांक अंकित था व मेरे समस्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम संजय कुमार टांक है। संजय टांक एवं संजय कुमार टांक दोनों मेरे ही नाम है।

मैं रूचि बांठिया पत्नी श्री मोहित बांठिया निवासी फ्लैट नं. 405 चौथी मंजिल, प्रताप इम्पेरिया, प्लाट नं. 722,723 अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम रूचि हिरावत (RUCHI HIRAWAT) से बदलकर रूचि बांठिया (RUCHI BANTHIA) रख लिया है। भविष्य में मुझे रूचि बांठिया (RUCHI BANTHIA) के नाम से जाना जाये।

मैं ललिता कुमारी पत्नि नंबर 15817558Y हवलदार मुकेश कुमार रजक, निवासी गांव नवाडीह दुर्गापुर PO- करमाटांड तहसील और जिला जामताडा (झारखंड) मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ललिता कुमारी गलत दर्ज है। मेरे डॉक्यूमेंट्स यानी आधार और पैन कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम ललिता देवी है।

मैं नंबर JC-731996L सूबेदार सुभाष चंद R/o VPO- चितौसा तहसील बुहाना, जिला झुंझुंनू (राजस्थान)। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम गार्गी गलत दर्ज है। आधार और पैन कार्ड जैसे डॉक्यूमेंट्स के हिसाब से उसका सही नाम गार्गी यादव है।

**खोया पाया**

मेरे फ्लेट संख्या 2/510 जवाहर नगर जयपुर का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लरेशन एवं अंतिम कार्यालय आदेश कहीं खो गये है। यदि किसी को मिले तो सूचित करें मो-9915008855

मेरे प्लॉट संख्या 168,9, आनन्द नगर के मूल आवंटन पत्र, साइट प्लान व रसीद कहीं खो/गिर गई है, मिलने पर सूचित करें। मोबाइल-9910876682

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम, जयपुर**

क्रमांक-एफ-56()सि.ला.जो./ननिज/2026/670
दिनांक-02.06.2026

**अनापत्ति आमंत्रण सूचना**

भूखण्ड संख्या 141 जगन्नाथपुरा खातीपुरा जयपुर क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर का नगर निगम जयपुर द्वारा पट्टा क्रमांक 42 दिनांक 17.01.2018 को गणेश राम पुत्र स्व. भूरा राम भूखण्ड संख्या 141 क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर का पट्टा जारी किया गया है। तत्पश्चात गणेश राम की मृत्यु दिनांक 26.07.2023 को हो गई। स्व. गणेश राम की मृत्यु पश्चात इनके वारिसान श्रीमती दुर्गा पत्नी स्व. गणेश राम, कमला पुत्री स्व. गणेश राम, मुकेश चौधरी एवं धर्मेन्द्र चौधरी पुत्रान स्व. गणेश राम के वारिस हुये। तत्पश्चात दिनांक 01.02.2015 को धर्मेन्द्र चौधरी की मृत्यु हो गई। तत्पश्चात स्व. धर्मेन्द्र चौधरी के वारिसान श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व. धर्मेन्द्र चौधरी, पीयूष चौधरी व तेजपाल ढाका पुत्रान स्व. धर्मेन्द्र चौधरी वारिस हुये। तत्पश्चात दिनांक 23.01.2025 को स्व. गणेश राम एवं स्व. धर्मेन्द्र चौधरी के वारिसानों ने मुकेश चौधरी पुत्र स्व. गणेश राम एवं श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व. धर्मेन्द्र चौधरी के हक में हकत्याग कर दिया। पंजीकृत हकत्याग के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण मुकेश चौधरी पुत्र स्व. गणेश राम एवं श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व. धर्मेन्द्र चौधरी के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तानान्तरण के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड में नाम हस्तानान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त-सिविल लाईन जोन
नगर निगम, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्र.सं. 10, जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर, जयपुर
लखन कुमावत विरुद्ध नेहा कुमावत
वाद/प्रार्थना पत्र धारा-13, हिन्दू विवाह अधि. 1955
प्रार्थना-पत्र संख्या - 280सन् 2026

नाम नेहा कुमावत पत्नि लखन कुमावत पुत्री फुलचन्द कुमावत जाति कुमावत उम्र 28 वर्ष निवासी- कुतरो की ढाणी मुहाना मोड़ सांगानेर जयपुर राज. हाल निवासी-प्लाट नम्बर 86-डी नारायण विहार, जगन्नाथपुरा मदरामपुरा, सांगानेर जिला जयपुर उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि- नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 25 माह 06 सन् 2026 को 7.30 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 04 माह 06 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय, सांगानेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मून्दड़ा पंचायत समिति सुजानगढ़**

क्रमांक- ग्रापं/2026/368-373 दिनांक- 04.06.2026

**खुली-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत मून्दड़ा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन नियम 2013 एवं वाणिज्यिक कर विभाग में सक्षम प्राधिकारी के अधीन वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के अन्तर्गत पंजीकृत फर्मो/सप्लायर्स/एजेंसीयों से ओपन-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

तीजू देवी, प्रशासक
ग्राम पंचायत, मून्दड़ा
सुजानगढ (चूरू)

NIB NO.- ZCR2526A0247
UBN NO.- ZCR2526WSOB06394

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मूंदडा
सुजानगढ (चूरू)